देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 293 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...बेरोजगारी ही सबसे बड़ी चुनौती




# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 2 जनवरी 2020




मौसम अधिकतम 18.0° न्यूनतम 7.0°

41306.02

2 पाकिस्तान ने फिर छेड़ा कश्मीर राग

7 विराट कोहली हर दिन सुधार कर रहे

# तीनों सेनाएं मिलकर 3 नहीं 7 होंगी

सीडीएस पर भारतीय सेनाओं के आधुनिकीकरण का जिम्मा होगाः मोदी

## सीडीएस ने कहा कि जो भी प्लान बनाए जाते हैं, वह कभी पब्लिक में साझा नहीं किए जाते

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के तौर पर जिम्मेदारी संभालने के बाद जनरल बिपिन रावत ने कहा कि हमारा फोकस तीनों सेनाओं को मिलाकर तीन नहीं बल्कि 5 या फिर 7 करने पर होगा। उन्होंने कहा कि तीनों सेनाएं 111 मिलकर 3 नहीं बल्कि 5 या 7 होंगी। पीओके को लेकर सवाल पूछे जाने पर जनरल रावत ने कहा कि जो भी प्लान बनाए जाते हैं, वह कभी पब्लिक में साझा नहीं किए जाते। राजनीतिक झुकाव के आरोप पर जवाब देते हुए जनरल रावत ने कहा कि सेना सरकार के आदेशों पर काम करती है। अपने काम को लेकर उन्होंने कहा कि आर्मी, नेवी और एयरफोर्स के बीच समन्वय स्थापित करना है। ये तीनों ही फोर्स टीम वर्क के तहत काम करेंगी और उस पर नजर रखने का काम सीडीएस करेगा। उन्होंने कहा कि हमें तीनों सेनाओं के जोड़ को तीन नहीं बनाना है बल्कि 5 या 7 करना है। इससे पहले जनरल बिपिन रावत ने गार्ड ऑफ ऑनर लेने के बाद तीनों सेनाओं के प्रमुखों से भी मुलाकात की।

जनरल बिपिन रावत ने अपने कार्यकाल के पहले दिन की शुरुआत दिल्ली स्थित नैशनल वॉर मेमोरियल पर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ की। उन्होंने आर्मी चीफ मनोज मुकुंद नरवाणे, नेवी चीफ कर्मबीर सिंह और एयर चीफ मार्शल राकेश सिंह भदौरिया समेत अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों से मुलाकात की। देश के पहले सीडीएस का कार्यभार संभालने के बाद जनरल बिपिन रावत ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की।



### पीएम मोदी ने जनरल बिपिन रावत को दी बधाई

नई दिल्ली। देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के तौर पर कार्यभार संभालने पर पीएम नरेंद्र मोदी ने जनरल बिपिन रावत को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि सीडीएस पर देश की तीनों सेनाओं के बीच समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी होगी। पीएम मोदी ने कहा कि सीडीएस पर भारतीय सेनाओं के आधुनिकीकरण का जिम्मा होगा। उन पर 1.3 अरब भारतीयों की उम्मीदों का बोझ है। पीएम मोदी ने ट्वीट किया, 15 अगस्त, 2019 को लाल किले के प्राचीर से मैंने देश में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की नियुक्ति का ऐलान किया था।

### अब चीन सीमा पर निगरानी बढ़ाने की जरूरतः नरवणे

नई दिल्ली। भारतीय सेना लंबे समय से पश्चिमी सीमा यानी पाकिस्तान से लगे बॉर्डर पर निगरानी करती रही है, लेकिन अब चीन सीमा पर भी फोकस किए जाने की जरूरत है। नए आर्मी चीफ बने लेफ्टिनेंट जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने बुधवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत को चीन से लगती अपनी सीमा पर ज्यादा ध्यान दिए जाने की जरूरत है। सेनाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय सेना किसी भी चुनौती से निपटने में सक्षम है। पहली बार गार्ड ऑफ ऑनर लेने के बाद उन्होंने कहा, पिछले दौर में हमने पश्चिमी मोर्चे पर बहुत ध्यान दिया है।

## भारत और पाकिस्तान ने साझा की परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया कि आज भारत और पाकिस्तान ने बुधवार को राजनयिक माध्यमों से एक ही समय पर नई दिल्ली तथा इस्लामाबाद में उन परमाणु संयंत्रों तथा ठिकानों की सूची का आदान–प्रदान किया, जो भारत तथा पाकिस्तान के बीच हुए परमाणु ठिकानों पर हमलों के खिलाफ किए गए समझौते के तहत आते हैं।

नई दिल्ली और इस्लामाबाद में एक साथ राजनयिक चौनलों के माध्यम से किया गया। दोनों देशों के बीच इस तरह की सूची का यह लगातार बीसवां आदान–प्रदान है, सबसे पहली बार ऐसा एक जनवरी 1992 को हुआ था।

# साल के पहले दिन महंगाई का डबल डोज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■घरेलू गैस और ट्रेन किराया महंगा हुआ

■ट्रेन का किराया 4 पैसे प्रति किलोमीटर तक बढ़ा

नई दिल्ली। साल 2020 के पहले दिन जनता को महंगाई का डबल डोज मिला है। आज से बिना सब्सिडी वाला घरेलू गैस सिलिंडर महंगा हो गया और ट्रेन का किराया भी बढ़ गया है। लगातार पांचवें महीने एलपीजी गैस सिलिंडर की कीमत में इजाफा हुआ है। महानगरों में इसकी कीमत में 21.50 रुपये तक का इजाफा हुआ है। वहीं रेलवे ने किराये में 1 पैसे से लेकर 4 पैसे प्रति किलोमीटर तक की बढ़ोतरी की है। किराये में बढ़ोतरी का ज्यादा असर उन यात्रियों पर पड़ेगा जो लंबी दूरी की यात्रा करते हैं। दूरी जितनी अधिक होगी किराया उतना ही अधिक होगा।

**14-2 किलोग्राम वाला इंडेन गैस 22 रुपये तक महंगा**

महानगरों में 14.2 किलोग्राम वाला इंडेन गैस 22 रुपये तक महंगा हो गया है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलिंडर की कीमत दिल्ली में 714 रुपये, कोलकाता में 747 रुपये, मुंबई में 684.50 रुपये और चेन्नै में 734 रुपये है। अगस्त महीने से घरेलू गैस करीब 140 रुपये तक महंगा हो चुका है।



दिसंबर में 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू गैस की कीमत दिल्ली में 695 रुपये, कोलकाता में 725. 50 रुपये, मुंबई में 665 रुपये और चेन्नै में 714 रुपये थी। अगस्त के महीने में रसोई गैस सिलिंडर करीब 62 रुपये सस्ता हुआ था। उसके बाद हर महीने कीमत में उछाल आया। अगस्त महीने से घरेलू गैस करीब 140 रुपये तक महंगा हो चुका है।

### सब अर्बन किराये में बढ़ोतरी नहीं

रेलवे ने सब अर्बन किराये में कोई बढ़ोतरी नहीं की है, जबकि ऑर्डिनरी नॉन एसी, नॉन–सब अर्बन किराये में प्रति किलोमीटर 1 पैसे की बढ़ोतरी की गई है। रेलवे ने मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को नॉन–एसी ट्रेनों के किराये में 2 पैसे, जबकि वातानुकूलित श्रेणी के किराये में 4 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी की गई है।

# 2020 में गगनयान और चंद्रयान-3 होंगे खास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेंगलुरु। इसरो चीफ के. सिवन ने नए साल के मौके पर देशवासियों के सामने इस साल के लक्ष्य और योजनाएं पेश कीं। साल 2020 में गगनयान और चंद्रयान–3 मिशन की तैयारियों के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही इसरो चीफ ने कहा कि अंतरिक्ष विज्ञान के जरिए हमारी कोशिश देशवासियों के जीवन को और बेहतर बनाने की है। इसरो प्रमुख ने बताया कि दोनों महत्वपूर्ण प्रॉजेक्ट्स के लिए काफी तैयारी बीते हुए साल में ही कर ली गई है।

इसरो चीफ ने बड़ी और आधिकारिक घोषणा करते हुए कहा कि चंद्रयान–3 प्रॉजेक्ट को मंजूरी मिल गई है और इसपर काम शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा, प्रॉजेक्ट पर काम शुरू हो चुका है। इसका कॉन्फिगरेशन चंद्रयान–2 की तरह ही होगा। इसमें भी लैंडर और रोवर होगा। बता दें कि इसरो के चंद्रयान–2 मिशन की भारत में ही नहीं दुनियाभर में काफी चर्चा हुई थी।

देश के दूसरे स्पेस पोर्ट के बारे में बताते हुए सिवन ने कहा कि इसके लिए भूमि अधिग्रहण शुरू कर दिया गया है। दूसरा पोर्ट तमिलनाडु के तूतीकोरिन में होगा।

इसरो के गगनयान मिशन के लिए रूस मदद कर रहा है।

### योजना

इसरो के पिटारे में इस दशक के लिए कई प्रॉजेक्ट

**चंद्रयान-3 मिशन पर सिर्फ 250 करोड़ का खर्च!**

उन्होंने कहा कि इसमें पहले की तरह लैंडर, रोवर और एक प्रोपल्शन मॉड्यूल होगा। परियोजना की लागत पर सिवन ने कहा, 'इस मिशन पर 250 करोड़ रुपये का खर्च आएगा।' उन्होंने कहा कि चंद्रयान–3 का प्रक्षेपण अगले साल तक के लिए टल सकता है।

### गगनयान के लिए अंतरिक्षयात्रियों की पहचान

सिवन ने बताया कि गगनयान मिशन के लिए 4 अंतरिक्षयात्रियों की पहचान हो गई है। इसरो चीफ ने बताया कि 2019 में गगनयान मिशन पर हमने अच्छी प्रगति हासिल की है। इस मिशन के लिए चार अंतरिक्षयात्री चुने गए हैं और जनवरी के तीसरे हफ्ते से उन्हें ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्होंने कहा कि गगनयान के लिए नैशनल अडवाइजरी कमिटी बनाई गई है।

# प्रकाश जावड़ेकर बोले, कांग्रेस आप ने भड़काया, माफी मांगें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली के विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आते–आते राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। नए साल के पहले ही दिन बीजेपी ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए। बीजेपी की तरफ से केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि हाल में दिल्ली में हुई हिंसक घटनाओं के पीछे आप और कांग्रेस पार्टी का हाथ था। उन्होंने दोनों पार्टियों पर लोगों को भड़काने का आरोप लगाया और माफी की मांग की।

जावड़ेकर ने आप और कांग्रेस का नाम लेकर कहा कि उन्होंने लोगों को भड़काया जिससे हिंसा हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### अधीर और तिवारी के बयानों से कांग्रेस ने झाड़ा पल्ला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कांग्रेस प्रवक्ता सुष्मिता देव ने अधीर रंजन चौधरी और मनीष तिवारी के बयानों से पल्ला झाड़ते हुए बुधवार को कहा, अगर कांग्रेस के किसी नेता ने कहा है, तो उस पर टिप्पणी नहीं करूंगी। सीडीएस का निर्णय भारत सरकार का है। हम आशा करते हैं कि वह अपने कर्तव्य का पालन करेंगे। भारत सरकार देश की सुरक्षा मजबूत करने के लिए कोई भी कदम उठाएगी, तो कांग्रेस उसका विरोध नहीं करेगी। उन्होंने साथ में यह भी कहा, आगे पूरा देश देख पाएगा कि जनरल रावत कैसे काम करते हैं। इससे पहले इस विषय पर कुछ कहना सही नहीं होगा।

### डीआरआई के एडीजी को 25 लाख की रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सीबीआई ने 25 लाख रुपये की रिश्वत के मामले में राजस्व खुफिया निदेशालय (क्त्) के अतिरिक्त महानिदेशक चन्द्र शेखर और एक बिचौलिए को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि नई दिल्ली, नोएडा और लुधियाना में छापेमारी चल रही है। डीआरआई की वेबसाइट के अनुसार चन्द्र शेखर लुधियाना में अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) के पद पर तैनात हैं।

### कश्मीर में एसएमएस और सरकारी अस्पतालों में ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवा शुरू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जम्मू। लगभग पांच महीने बाद जम्मू–कश्मीर के सरकारी अस्पतालों में ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवा और सभी मोबाइल फोन पर एसएमएस सेवा बहाल कर दी गई है। कश्मीर वासियों के लिए यह सरकार का यह कदम नए साल पर तोहफे के जैसा है। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार मध्यरात्रि से एसएमएस सेवाएं शुरू हो चुकी हैं। कश्मीर में लैंडलाइन और पोस्टपेड सेवा कई चरणों में बहाल की गई।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in